Bareilly, Thursday,
18 December 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO 4 : BOTTOM

# मैच में दूसरे दिन भी कोहरा बना बाधा नहीं फेंकी जा सकी एक भी बॉल

## कुर्सियों का नेट बनाकर खिलाड़ियों ने खेला फुटबाल

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (17 Dec):** एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेली जा रहे कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 क्रिकेट मैच के दूसरे दिन बुधवार को कोहरा नाबाद रहा. दोनों टीम के खिलाड़ी, अंपायर, आयोजकों के साथ दर्शक धूप निकलने व दृश्यता बेहतर होने का इंतजार करते रहे, लेकिन पूरे दिन एक भी बाल का खेल संभव नहीं हो सका. खिलाड़ियों ने खुद को सक्रिय रखने के लिए कुर्सियों का ही नेट बनाकर फुटबाल खेलकर समय बिताया. लगातार खराब हालात को देखते हुए शाम चार बजे अंपायर पाराशर जोशी और आर. राजेश कैनन से विचार-विमर्श के बाद मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने दिन का खेल रद करने की घोषणा की. इससे पहले मंगलवार को खेले गए पहले दिन भी कोहरे और खराब रोशनी ने मैच को प्रभावित किया था. सोमवार को भी धूप निकलने के बाद दोपहर 2:40 बजे खेल शुरू हो सका था, लेकिन सिर्फ 17 ओवर ही फेंके जा सके.पहले दिन बंगाल की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाए थे. बंगाल के लिए आत्मजा मंडल ने 21 गेंदों पर 10 रन, कप्तान चंद्रहास दाश ने 25 गेंदों पर 27 रन और आशुतोष कुमार ने 16 गेंदों पर नौ रन बनाए. खराब रोशनी के चलते अंपायरों ने बैड लाइट की अपील स्वीकार कर मैच रोक दिया था. फिलहाल बंगाल के आदित्य राय 38 गेंदों पर 35 रन और अभिप्राय बिस्वास 2 गेंदों पर 4 रन बनाकर नाबाद हैं. मौसम की मार के चलते मैच में आगे की स्थिति पर भी अनिश्चितता बनी हुई है.



मंगलवार को भी कोहरे के चलते मैच लेट शुरू हो पाया था.